# Bhopal, dated the 19th March, 2013 PRESS RELEASE

CMAI एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम, IT और शिक्षा से संबंधित संस्था है, जिसके 48,500 सदस्य है । इस संस्था से 54 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ संबद्व है। यह संस्था AICTE के साथ मिलकर देश में तकनीकी और विकास कौशल से संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करती है। यह योजना भारत सरकार HRD के द्वारा स्वीकृत है। प्रतिवर्ष दूरसंचार और शिक्षा के क्षेत्र में पुरस्कार वितरीत करने के कारण CMAI पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त है। मध्यप्रदेश में पहली बार नेशनल मध्यप्रदेश एजुकेशन एवार्ड का आयोजन किया गया है। यह पुरस्कार भारत सरकार MNRE, AICTE, RGPV के द्वारा मान्यता प्राप्त है। CMAI पुरस्कार वितरण समारोह में श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, माननीय मंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल उन्नयन विभाग, कैलाश विजयवर्गीय, माननीय मंत्री सूचना प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी, श्री महेन्द्र हार्डिया, माननीय मंत्री राज्य मंत्री तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा, प्रो.पीयूष त्रिवेदी, कुलपति, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, प्रो.अरूण नाहर संचालक, तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश, श्री गणेश कुमार निडुगला, प्रोफेसर आई.आई.एम. इन्दौर श्री प्रकाश तिवारी, चैनल मुख्य साधना न्यूज उपस्थित थे।

इस प्रायोजन में विकास कौशल, इक्ट्रॉनिक मेन्यूफेक्चरींग, और उर्जा के आल्टरनेटिव सोरसेस को विशेष तौर पर प्रोत्साहित किया गया । इन विषयो पर बच्चो के द्वारा विशेष तौर पर डिबेट हुआ। मध्यप्रदेश के 17 महाविद्यालयो को उनकी उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। CMAI के अध्यक्ष श्री एन.के.गोयल ने इस विषय पर बताया की इस प्रकार का प्रायोजन इसके पहले दिल्ली एवं उत्तराखण्ड में किया गया है और ये भारत के विभिन्न प्रदेशों में किया जा रहा है। इस प्रकार के प्रायोजनों से महाविद्यालयो को और ज्यादा उत्साह से काम करने की प्रेरणा मिलती है। यह अपने प्रकार के प्रथम पुरस्कार है जो कि प्रदेश की तकनीकी यूनिवर्सिटी, AICTE व भारत सरकार के सहयोग के द्वारा किये जा रहे है। जिन सस्थाओं को यह पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं उन्हें CMAI एसोसिएशन की निशुल्क सेवायें जैसे की गेस्ट लेक्चर फेकल्टी एक्सचेज, तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों की ग्रीष्मकालीन ईर्न्टनशीप, पेलेस्मेट में मदद करना और देश विदेश के तकनीकी कांफ्रेन्सेस में भेजना इत्यादि सेवाऐं प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर पुरस्कार प्राप्त संस्थाओं को राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए 07 मई को नामांकित किया जावेगा। इस पुरस्कार को प्रदान करने के लिए Dr. Hamadoun Toure, Secretary General, International Telecommunication Union, Geneva, Prof. Tim Unwin, Secretary General, Commonwealth Telecommunication Organization UK एवं Shri Kapil Sibal, Minister of Communications and IT, India एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेगें।

प्रति,

सम्पादक महोदय,